**दिनांकः 25.06.2025** **समय : 18.30 पीएम**

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

- **भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला तीन अन्य विदेशी यात्रियों के साथ एक्सिओम–4 मिशन पर अंतरिक्ष रवाना–पूरा देश इस उपलब्धि से उत्साहित और गौरवान्वित।**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान हत्या दिवस पर लोकतंत्र रक्षकों को श्रद्धाजंलि दी–आपातकाल विरोधी दिवस पर प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम।**

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से फोन पर फिरोजपुर फीडर पुर्ननिर्माण परियोजना की प्रगति पर चर्चा की।**

- **प्रदेश में अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में पात्र वंचितों को लाभान्वित किया जा रहा है।**

------------------------

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांषु शुक्ला और तीन अन्य यात्रियों ने अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेषन के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया है। वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने अंतरिक्ष से एक संदेष भेजा जिसमें उन्होंने कहा कि ये एक अद्‌भुत यात्रा है, भारत 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में है। उन्होंने ये भी कहा कि ये यात्रा भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरूआत है।

------------------------

एक्सिओम–4 मिषन को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष स्टेषन से प्रक्षेपित किया गया। इस तरह 140 करोड़ भारतीयों के सपनों ने आज अंतरिक्ष की ओर एक लम्बी उड़ान भरी। इस ऐतिहासिक पल से पूरा देष उत्साहित और गौरवान्वित है। 28 घंटे की यात्रा के बाद भारतीय समय के अनुसार ये कल शाम साढ़े चार बजे अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेषन से जुड़ेगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में भारत के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत, हंगरी, पौलेण्ड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर जा रहे इस मिषन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया है। एक्सिओम–4 मिषन निजी अंतरिक्ष यात्रा के क्षेत्र में एक नया कदम है। ये मिषन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेस–एक्स की साझेदारी में किया जा रहा है।

------------------------

आज संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। देष में आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकतंत्र के रक्षकों को श्रद्धाजंलि दी है। संवैधानिक मूल्यों पर हुए हमले को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आपातकाल लागू करके मौलिक अधिकारों को निलम्बित किया गया, प्रेस की आजादी को खत्म किया गया और लाखों नागरिकों को जेल में डाला गया इसे कोई भी भारतीय भूल नहीं पाएगा। प्रधानमंत्री ने संवैधानिक सिद्धान्तों को मजबूत बनाने और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लिखी गई किताब द इमरजेंसी डायरीज का आज नई दिल्ली में विमोचन किया।

संविधान हत्या दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह और संगोष्ठी कार्यक्रम में षिरकत की। अपने सम्बोधन में श्री शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है।

-----------------------

संविधान हत्या दिवस के मौके पर प्रदेषभर में प्रदर्षनियां, संगोष्ठी और अन्य कार्यक्रम हो रहे हैं। बांसवाड़ा, सवाईमाधोपुर सहित जगह–जगह लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। गौरतलब है कि आपातकाल के दौरान जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और विपक्ष के अन्य कई नेताओं को **आंतरिक सुरक्षा अधिनियम मीसा** के तहत गिरफ्तार किया गया था। लगभग 35000 लोगों को बिना किसी सुनवाई के हिरासत में लिया गया था।

आपातकाल के दौरान अत्याचारों का सामना करने के बावजूद लोगों का लोकतंत्र में अटल विश्वास बना रहा।

-----------------------

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की आज हुई बैठक में आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में में मंत्रिमण्डल ने आपातकाल लागू किये जाने को भारत की लोकतांत्रिक भावना पर हमला बताया। कैबिनेट मंत्री अष्विनी वैष्णव ने मीडिया को बैठक के निर्णयों की जानकारी दी।

-----------------------

बैठक में आज तीन अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। आगरा में अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र बनाने और पुणे में मेट्रो विस्तार को मंजूरी दी गई। इसके अलावा अंतरिक्ष मिषन के सफल प्रेक्षपण का स्वागत करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया।

.........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्तमान के साथ आज फोन पर बात कर फिरोजपुर फीडर पुर्ननिमार्ण परियोजना की प्रगति पर चर्चा की। इसे देखते हुए फिरोजपुर फीडर का पुर्ननिर्माण का काम जल्द शुरू होने की संभावना बनी है। ये फीडर गंगनहर क्षेत्र के किसानों के लिए काफी महत्त्वपूर्ण है। राजस्थान और पंजाब की संयुक्त भागीदारी से इस परियोजना पर 647 करोड़ 62 लाख रूपये खर्च किये जायेगें। श्री शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार से वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद पंजाब सरकार से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही ये काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार फीडर के पुर्ननिर्माण का काम अगले दो सालों में पूरा करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे फीडर की वर्तमान क्षमता 11 हजार 192 क्यूसेक से बढकर 13 हजार 842 क्यूसेक हो जाएगी। इसके साथ ही परियोजना से गंगनहर के तीन लाख 14 हजार हैक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

.........................

प्रदेश में कल से शुरू हुए अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत आज ग्राम पंचायतों में विषेष षिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इनके माध्यम से पात्र वंचितों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बालोतरा जिले की 17 ग्राम पंचायत में लगाये गये षिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर पंजीकरण करवाया। श्रीगंगानगर में भी चयनित ग्राम पंचायत में लगे षिविरों से अच्छी तादाद में पात्र लाभान्वित हो रहे हैं। जिले के एक लाभार्थी ने बताया कि षिविर के माध्यम से उनके क्षेत्र में 35 साल से बंद रास्ता खोलने पर सहमति बनी है।

.........................

नीति आयोग ने राज्य के पर्यटन विषेषज्ञ ललित के. पंवार को विषेष सलाहकार के रूप में जोड़ा है। श्री पंवार देष में पर्यटन और ट्यूर ऑपरेटर क्षेत्र से जुड़े सुझाव आयोग को देगें। डॉ. पंवार भारतीय प्रषासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार में पर्यटन सचिव और आईटीडीसी के सीएमडी के रूप में भी सेवाएं दी हैं।

.........................

राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिष हो रही है। आज चूरू, बांसवाड़ा, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, कोटपूतली–बहरोड़, भीलवाड़ा और हनुमानगढ़ में अच्छी बरसात हुई। कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिष होने के समाचार हैं। बीते चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 19 सेंटीमीटर पानी बांसवाड़ा के सल्लोपाट में बरसा। हमारे डूंगरपुर संवाददाता ने बताया कि सागवाड़ा में 14 सेंटीमीटर पानी बरसा इसके अलावा जिले के आसपुर, देवल, चिकली और गलियाकोट सहित कई जगह अच्छी बरसात हुई है।

------------------------

राजसमंद और पाली के देसूरी में 11–11 और भीलवाड़ा के माण्डल में 10 सेंटीमीटर बरसात दर्ज की गई। सांगोद, आसपुर, अटरू, मांगरोल में भी 10–10 सेंटीमीटर बारिष रिकॉर्ड हुई। वहीं श्रीगंगानगर में गर्मी और उमस का असर बरकरार रहा और अधिकतम तापमान 42 दषमलव 8 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम विभाग ने आज राज्य के सभी संभागों में अनेक स्थानों पर व्यापक बारिष होने की संभावना जताई है। बीकानेर और जोधपुर संभाग में कल से 29 जून के दौरान बारिष की गतिविधियों में बढोतरी होने और कहीं–कहीं भारी बारिष होने के आसार हैं। वहीं राज्य के पूर्वी भागों में अगले एक सप्ताह तक बारिष की गतिविधियां जारी रहने तथा कहीं–कहीं भारी बारिष होने की संभावना है। बारां जिले में लगातार हो रही भारी बारिष को देखते हुए जिला कलेक्टर रोहिताष्व सिंह तोमर ने आज प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। श्री तोमर ने बारिष से क्षतिग्रस्त पुलियाओं और सड़कों की जल्द मरम्मत के निर्देष दिये। इसके साथ ही उन्होंने बारिष से प्रभावित ग्रामीणों के लिए अस्थायी आवास की व्यवस्था करने को कहा।

------------------------

अन्तर्राष्ट्रीय नषा मुक्ति दिवस कल है। हर साल 26 जून को ये दिन लोगों में नषे की लत को दूर करने, नषीली दवाओं के दुरूपयोग और इनकी अवैध तस्करी के खिलाफ जन जागृति के लिए मनाया जाता है।

------------------------